नईदुनिया
इंदौर, मंगलवार 18 अप्रैल, 2023

भगवान कृष्ण की लीलाओं का मंचन

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सात दिनी भागवत कथा में भागवत कथा में कलाकारों ने रसोमा चौराहा स्थित आनंदम क्लब एंड रिसोर्ट में किया गया। कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति से तालियां बटोरी।

इस अवसर पर कथा वाचक वंदना श्रीजी ने कहा कि भगवान व्यक्ति के कर्मों से ही पसंद करते हैं। कथा प्रतिदिन सुनना और मन संयमित होना चाहिए। जीवन में असत्य कभी नहीं बोलें और हमेशा सत्य ही बोलें। आयोजन प्रमुख गणेश गोयल और राज दीक्षित ने बताया कि प्रतिदिन भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। इसमें रोज अलग-अलग व्यंजन बनाए जा रहे हैं। व्यासपीठ का पूजन विधायक रमेश मेंदोला व एमआइसी सदस्य जीतू यादव ने किया।

रसोमा चौराहे पर कलाकारों ने कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। ● सौ. आयोजक

श्रीमद्भागवत कथा में सजाई कृष्ण की झांकी

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बड़ी भमोरी स्थित श्री राम खेड़ापति हनुमान मंदिर में श्री सिद्धेश्वर संस्कृत भाषा प्रचार एवं सामाजिक समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मनोहारी झांकी सजाई गई। कथा व्यास पंडित संपूर्णानंद तवीश व्यास ने कहा कि जो मनुष्य श्रीमद्भागवत का अनुसरण करते हैं, वे जीवन को सफल बना लेते हैं। पंडित चाहत शर्मा ने भजन प्रस्तुत किए। कथा 19 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक चलेगी।

भागवत महापुराण के पांचवे दिन श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव मनाया गया। ● सौजन्य